भाग—7

केवल सरकारी प्रयोग के लिए

# वित्त विभाग के महत्वपूर्ण शासनादेशों का संकलन

(01 अप्रैल, 2019 से 15 सितम्बर, 2023 तक)

## सप्तम खण्ड

(वित्त विभाग, उत्तराखण्ड शासन)
सितम्बर, 2023

पं0 दीनदयाल उपाध्याय वित्तीय प्रशासन, प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान, देहरादून
उत्तराखण्ड

<u>प्रस्तावना</u>

राज्य में वित्त विभाग के शासनादेशों का संकलन प्रथम बार वर्ष 2010 में प्रकाशित किया गया था जिसका वर्तमान में सप्तम संस्करण प्रकाशित किया जा रहा है। इस संकलन में 01 अप्रैल, 2019 से 15 सितम्बर, 2023 तक के वित्त विभाग के शासनादेशों के अतिरिक्त अन्य प्रशासकीय विभागों के वित्तीय उपाशय संबंधी महत्वपूर्ण शासनादेशों को भी सम्मिलित किया गया है। संदर्भ की सुविधा के लिए इसे 17 भागों में विभाजित किया गया है जिसका उल्लेख विषय सूची में है।

संकलन को डॉ0 एस0 एन0 पाण्डे, सचिव, वित्त, उत्तराखण्ड शासन के निदेशन में श्री जे0 सी0 जोशी, निदेशक, पं0 दीनदयाल उपाध्याय वित्तीय प्रशासन, प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान, देहरादून, श्री बिक्रम सिंह जन्तवाल, अपर निदेशक, कोषागार, श्री खजान चन्द्र पाण्डे, संयुक्त सचिव, वित्त ऑडिट प्रकोष्ठ, श्री टी0 एस0 नेगी, सहायक निदेशक एवं श्री पी0 एस0 नौटियाल, समन्वयक द्वारा तैयार किया गया है, जो धन्यवाद के पात्र हैं।

आशा है कि यह संकलन सरकारी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिये वित्त सम्बन्धी मामलों के निस्तारण के लिये उपयोगी सिद्ध होगा।

आनन्द बर्द्धन,
अपर मुख्य सचिव (वित्त),
उत्तराखण्ड शासन।

देहरादून : दिनांक 18 सितम्बर, 2023

# विषय सूची


| क0सं0 | विषय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1 | उत्तराखण्ड वित्तीय अधिकारों का प्रतिनिधायन खण्ड 1 संशोधन संबंधी विविध शासनादेश। | 1–38 |
| 2 | वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड 2 भाग 2 से 4 में संशोधन/अवकाश संबंधी शासनादेश अवकाश नियम | 41–50 |
| 3 | अधिप्राप्ति नियमावली में संशोधन/जेम (GeM) संबंधी दिशा–निर्देश/टेण्डर प्रकिया संबंधी शासनादेश। | 55–118 |
| 4 | सामान्य भविष्य निधि खातों के रख–रखाव संबंधी दिशा–निर्देश। | 121–128 |
| 5 | सुनिश्चित कैरियर प्रोन्नयन/समयमान वेतनमान संबंधी शासनादेश। | 131–148 |
| 6 | वेतन उच्चीकरण/संशोधन/वेतन निर्धारण संबंधी शासनादेश। | 151–178 |
| 7 | विभिन्न भत्ते/ बोनस संबंधी शासनादेश। | 181–206 |
| 8 | आहरण वितरण अधिकारियों हेतु दिशा–निर्देश। | 209–218 |
| 9 | एकीकृत वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (IFMS)/HRMS मॉडयूल से संबंधित शासनादेश। | 221–238 |
| 10 | पेंशन/राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (NPS) संबंधी शासनादेश/अधिनियम। | 241–262 |
| 11 | उत्तराखण्ड लेखा परीक्षा नियम संग्रह/ऑडिट आपत्तियों की अनुपालन आख्या ई–मोड के माध्यम से उपलब्ध कराया जाना/विभिन्न ऑडिट कमेटियों का गठन संबंधी शासनादेश। | 265–324 |
| 12 | भारतीय स्टाम्प अधिनियम में संशोधन/कतिपय मामलों मैं स्टाम्प शुल्क में छूट/विलेखों का रजिस्ट्रीकरण फीस निर्धारण संबंधी शासनादेश। | 349–374 |
| 13 | ई0एफ0सी0 संबंधी शासनादेश। | 377–382 |
| 14 | वाह्य सहायतित परियोजनाओं (EAP) संबंधी शासनादेश। | 385–394 |
| 15 | वैयक्तिक लेखा खाता (PLA) संबंधी शासनादेश। | 397–404 |
| 16 | विविध शासनादेश। | 407–438 |

## 1. उत्तराखण्ड वित्तीय अधिकारों का प्रतिनिधायन खण्ड 1 में संशोधन संबंधी विविध शासनादेश

विषय सूची



| क0सं0 | विषय | शासनादेश संख्या तथा दिनांक | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | उत्तराखण्ड वित्तीय हस्त पुस्तिका भाग –1 (वित्तीय अधिकारों का प्रतिनिधायन, 2018) (समय–समय पर यथासंशोधित) में संशोधन किये जाने के सम्बध में | 149101 / XXVII(7) / E-20109/2022, दिनांक 25 अगस्त, 2023 | 1–8 |
| 2. | उत्तराखण्ड वित्तीय हस्त पुस्तिक भाग –1(वित्तीय अधिकारों का प्रतिनिधायन) में संशोधन के सम्बन्ध में। | 57 / XXVII(7) / 22-36/2010-11, दिनांक 25 मार्च, 2022 | 9–26 |
| 3. | उत्तराखण्ड वित्तीय हस्त पुस्तिक भाग –1(वित्तीय अधिकारों का प्रतिनिधायन) में संशोधन के सम्बन्ध में। | 293 / XXVII(7) / 36/2010-11, दिनांक 09 अक्टूबर, 2020 | 27–30 |
| 4. | उत्तराखण्ड वित्तीय हस्त पुस्तिक भाग –1(वित्तीय अधिकारों का प्रतिनिधायन) में संशोधन के सम्बन्ध में। | 434 / XXVII(7) / 36/2010-11, दिनांक 23 दिसम्बर, 2019 | 31–38 |

/149101/2023

संख्या—149101/XXVII(7)/E-20109/2022

प्रेषक,

दिलीप जावलकर,
सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

1. समस्त अपर मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
2. समस्त प्रमुख सचिव/सचिव/सचिव (प्रभारी), उत्तराखण्ड शासन।

**वित्त (वे0आ0—सा0नि0) अनुभाग—7** **देहरादूनः दिनांक 25 अगस्त, 2023**

**विषयः उत्तराखण्ड वित्तीय हस्त पुस्तिका भाग—1 (वित्तीय अधिकारों का प्रतिनिधायन, 2018), (समय—समय पर यथासंशोधित) में संशोधन किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर आपका ध्यान आकृष्ट करते हुए अवगत कराना है कि उत्तर प्रदेश वित्तीय हस्तपुस्तिका खण्ड—1 (राज्य में यथाप्रवृत्त) एवं शासनादेश संख्या—562/XXVII (7)/2017 दिनांक 24 मई, 2010 द्वारा प्रख्यापित वित्तीय अधिकारों का प्रतिनिधायन, 2010 को अधिक्रमित करते हुए शासनादेश संख्या—61/XXVII (7)36 /2017 दिनांक 02 अप्रैल, 2018 द्वारा वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड—1 (वित्तीय अधिकारों का प्रतिनिधायन, 2018) (समय—समय पर यथासंशोधित) का प्रख्यापन किया गया है।

2. वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड—1 (वित्तीय अधिकारों का प्रतिनिधायन, 2018) के अन्तर्गत विभिन्न मामलों में वित्तीय अधिकारों के प्रतिनिधायन की सीमा न्यूनतम होने से अनुमोदन/स्वीकृति हेतु प्रकरण उच्च स्तर पर सन्दर्भित किये जाने के कारण कार्यों के निष्पादन में विलम्ब की स्थिति दृष्टिगोचर है। अतः बदलते परिवेश में वित्तीय अधिकारों के प्रतिनिधायन की निर्धारित सीमा को परिवर्तित/बढ़ाये जाने की आवश्यकता है, ताकि विभाग के स्तर पर कार्यों के निष्पादन में सरलीकरण के साथ प्रक्रिया में गति लायी जा सके।

3. उक्त क्रम में शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त लिये गये निर्णय के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि "वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड—1 (वित्तीय अधिकारों का प्रतिनिधायन, 2018) के भाग—2 "अधीनस्थ प्राधिकारियों को प्रतिनिहित वित्तीय अधिकार" के विवरण पत्र—1 'आकस्मिक और अन्य प्रकीर्ण व्यय', विवरण पत्र—2 'भूमि, भवन और किराया', विवरण पत्र—3 'निर्माण कार्य सम्बन्धी व्यय', विवरण पत्र—4 'ठेके और टेण्डर' में प्रशासकीय विभाग/विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष की वित्तीय परिसीमाओं में संलग्नक के अनुसार संशोधन/परिवर्धन किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

4. इस सम्बन्ध में किसी प्राधिकारी को प्रतिनिहित किए गए वित्तीय अधिकार वित्त विभाग की विशिष्ट स्वीकृति के बिना उस प्राधिकारी द्वारा अधीनस्थ किसी प्राधिकारी को पुनः प्रतिनिहित नहीं किए जायेंगे।

5. उत्तराखण्ड वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड—1 (वित्तीय अधिकारों का प्रतिनिधायन, 2018) (समय—समय पर यथासंशोधित) में प्रतिनिहित अधिकार सम्बन्धी शासनादेश संख्या—61/XXVII (7)36/2017 दिनांक 02 अप्रैल, 2018, शासनादेश संख्या—434/XXVII (7)36/2010-11 दिनांक 23 दिसम्बर, 2019, शासनादेश संख्या—293/XXVII (7)36/2010-11 दिनांक 09 अक्टूबर, 2020 एवं शासनादेश संख्या—57/XXVII (7)/22-36/2010-11 दिनांक 25 मार्च, 2022 को उक्त सीमा तक संशोधित समझा जाय। उक्त वर्णित शासनादेशों की शेष शर्तें/प्रतिबन्ध यथावत् लागू रहेंगे।

भवदीय,

Signed by Dilip Jawalkar
Date: 24-08-2023 13:46:12
(दिलीप जावलकर)
सचिव।

/149101/2023

**संख्या– 149101 (1)/XXVII(7)/E-20109/2022, तद्दिनांक।**

**प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. महालेखाकार, उत्तराखण्ड, महालेखाकार भवन, कौलागढ़, देहरादून।
2. सचिव, श्री राज्यपाल, उत्तराखण्ड।
3. अध्यक्ष, राजस्व परिषद, उत्तराखण्ड।
4. महानिबन्धक, मा0 उच्च न्यायालय उत्तराखण्ड।
5. मुख्य स्थानिक आयुक्त, उत्तराखण्ड, नई दिल्ली।
6. सचिव, विधान सभा, उत्तराखण्ड, देहरादून।
7. मण्डलायुक्त, गढ़वाल/कुमाऊँ।
8. समस्त जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड।
9. समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष, उत्तराखण्ड।
10. निदेशक, कोषागार पेंशन एवं हकदारी, उत्तराखण्ड, देहरादून।
11. निदेशक, पं0 दीनदयाल उपाध्याय वित्तीय प्रशासन, प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान, सुद्धोवाला, देहरादून।
12. निदेशक, लेखा परीक्षा (आडिट), उत्तराखण्ड।
13. निदेशक, विभागीय लेखा, उत्तराखण्ड।
14. समस्त मुख्य/वरिष्ठ काषाधिकारी/कोषाधिकारी, उत्तराखण्ड।
15. समस्त वित्त नियंत्रक/वित्त अधिकारी, उत्तराखण्ड।
16. संयुक्त निदेशक, राजकीय मुद्रणालय, रूड़की को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त वित्तीय अधिकारों का प्रतिनिधायन की 250 प्रतियां पुस्तिका के रूप में तैयार कर यथाशीघ्र वित्त अनुभाग–7, उत्तराखण्ड शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
17. निदेशक, आई.टी.डी.ए. को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त वित्तीय अधिकारों का प्रतिनिधायन को राज्य की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
18. निदेशक, एन0आई0सी0, उत्तराखण्ड, देहरादून।
19. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
Signed by Ganga Prasad
Date: 24-08-2023 13:58:38
(गंगा प्रसाद)
अपर सचिव।

भाग–2

## अधीनस्थ प्राधिकारियों को प्रतिनिहित वित्तीय अधिकार

**विवरण पत्र–1**

### आकस्मिक और अन्य प्रकीर्ण व्यय

| क्र. सं. | अधिकार का प्रकार | किसके द्वारा प्रयोग किया जाएगा | वर्तमान परिसीमायें | संशोधित परिसीमायें | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | (vi) बीज, पौध, रसायन एवं उर्वरक क्रय। | 1. प्रशासकीय विभाग | पूर्ण अधिकार | पूर्ण अधिकार | शासनादेशों में निहित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन तथा उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली के प्रावधानों के अनुसार, बजट की सीमा के अंतर्गत। |
| | | 2. विभागाध्यक्ष | पूर्ण अधिकार | पूर्ण अधिकार | |
| | | 3. कार्यालयाध्यक्ष | बीज क्रय हेतु एक बार में 30,000/– (रू0 तीस हजार) मूल्य तक। | बीज क्रय हेतु एक बार में 2.50 लाख/–(रू0 दो लाख पचास हजार) मूल्य तक। | |
| | (vii)औषधियों का क्रय। | 1. प्रशासकीय विभाग | – | पूर्ण अधिकार | शासनादेशों में निहित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन तथा उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली के प्रावधानों के अनुसार, बजट की सीमा के अंतर्गत। |
| | | 2 (i) महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण<br>2 (ii) निदेशक, चिकित्सा शिक्षा | औषधि क्रय हेतु एक बार में रू0 5.00 करोड़ (रू0 पांच करोड़) की सीमा तक। | –यथावत्– | |
| | | 2(iii)निदेशक, आयुर्वेदिक एवं यूनानी सेवायें | – | औषधि क्रय हेतु एक बार में रू0 2.00 करोड़ (रू0 दो करोड़) की सीमा तक। | |
| | | 2(iv)निदेशक, होम्योपैथिक | – | औषधि क्रय हेतु एक बार में रू0 1.00 करोड़ (रू0 एक करोड़) की सीमा तक। | |
| | | 3. प्राचार्य, राजकीय मेडिकल कॉलेज | औषधि क्रय हेतु एक बार में रू0 3.00 करोड़ (रू0 तीन करोड़) की सीमा तक। | –यथावत्– | |
| | | 4.(i) मुख्य चिकित्साधिकारी | औषधि क्रय हेतु एक बार में रू0 5.00 | –यथावत्– | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | / राजकीय चिकित्सालयों के प्रमुख/मुख्य चिकित्सा अधीक्षक | लाख (रू0 पांच लाख) की सीमा तक। | | |
| | | 4. (ii) जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी<br>4.(iii) जिला होम्योपैथिक मेडिकल अधिकारी | – | औषधि कय हेतु एक बार में रू0 2.50 लाख (रू0 दो लाख पचास हजार) की सीमा तक। | |

## विवरण पत्र–2
## भूमि, भवन और किराया

| क्र.सं. | अधिकार का प्रकार | किसके द्वारा प्रयोग किया जाएगा | वर्तमान परिसीमायें | संशोधित परिसीमाएं | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | (क) राज्य की निधियों से निर्मित उनके नियंत्रण के अधीन (आवसिक भवनों और डाक बंगलों को छोडकर) भवनों का विकय स्वीकृत करना। | 1.प्रशासकीय विभाग | पूर्ण अधिकार | पूर्ण अधिकार | भवनों का बाजार मूल्य पर विकय (भूमि को सम्मिलित करते हुए) किया जायेगा। भूमि का मूल्य जिलाधिकारी तथा भवन का मूल्य लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्धारित किया जायेगा। |
| | | 2. विभागाध्यक्ष | रू0 50.00 लाख (रू0 पचास लाख) खाते मूल्य तक। | रू0 1.00 करोड़ (रू0 एक करोड़) खाते मूल्य तक। | |
| | (ख) राज्य की निधियों से निर्मित उनके नियंत्रण के अधीन (आवसिक भवनों और डाक बंगलों को छोडकर) भवनों का विध्वंस स्वीकृत करना। | 1.प्रशासकीय विभाग | पूर्ण अधिकार | पूर्ण अधिकार | |
| | | 2. विभागाध्यक्ष | रू0 50.00 लाख (रू0 पचास लाख) खाते मूल्य तक। | रू0 1.00 करोड़ (रू0 एक करोड़) खाते मूल्य तक। | |
| | | 3. जिलाधिकारी | – | रू0 1.00 करोड़ (रू0 एक करोड़) खाते मूल्य तक, विभागाध्यक्ष को सूचित करते हुए। | |
| 6. | गोदामों का किराया | 1. प्रशासकीय विभाग | पूर्ण अधिकार | –यथावत्– | वित्तीय नियम संग्रह, खण्ड–5 भाग–1 के परिशिष्ट 10 के नियम 24 में दी हुई शर्तों के अधीन। पूर्व में निर्धारित प्रकिया एवं शर्तों के अनुसार। किराये की दर का अनुमोदन जिलाधिकारी का होगा। |
| | | 2. विभागाध्यक्ष | पूर्ण अधिकार | –यथावत्– | |
| | | 3. जिलाधिकारी | – | पूर्ण अधिकार (खाद्यान्न गोदामों हेतु) | |
| | | 4. कार्यालयाध्यक्ष | प्रत्येक मामले में रू0 50.00 हजार (रू0 पचास हजार) प्रतिमाह तक। | –यथावत्– | |

## विवरण पत्र-3

### निर्माण कार्य सम्बन्धी व्यय

| क्र. सं. | अधिकार का प्रकार | किसके द्वारा प्रयोग किया जाएगा | वर्तमान परिसीमायें | संशोधित परिसीमाएं | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 3. | निर्माण कार्यो के ब्यौरेवार अनुमानों / अनुपूरक अनुमानों /पुनरीक्षित अनुमानों की प्राविधिक स्वीकृति प्रदान करना। | 1. मुख्य अभियन्ता, लो0नि0वि0/ सिंचाई विभाग/ ग्रामीण निर्माण विभाग/लघु सिंचाई विभाग। | पूर्ण अधिकार | विलोपित | यदि किसी निर्माण कार्य में कार्य में प्राविधिक स्वीकृति की आवश्यकता है तो विभाग द्वारा प्राविधिक स्वीकृति की कार्यवाही आगणन की टी0ए0सी0 से पूर्व सम्पन्न कर ली जायेगी, इस हेतु विभागाध्यक्ष अपने विभाग के अन्तर्गत सीमाओं/प्रकिया का निर्धारण कर सकते हैं, अन्यथा की स्थिति में विभाग प्रस्ताव के साथ यह प्रमाण-पत्र संलग्न करेंगे कि कार्य की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के पश्चात् प्राविधिक स्वीकृति (टी0एस0) की आवश्यकता नहीं है। |
| | | 2. अधीक्षण अभियन्ता (सिविल) लोक निर्माण विभाग/ सिंचाई विभाग/ ग्रामीण निर्माण विभाग/ लघु सिंचाई विभाग। | रू0 2.5 करोड़ (रू0 दो करोड़ पचास लाख) की सीमा तक। | | |
| | | 3. अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत एवं यांत्रिक लो0नि0वि0, लघु सिंचाई, ग्रामीण निर्माण विभाग। | रू0 1.00 करोड़ (रू0 एक करोड़) की सीमा तक। | | |
| | | 4. अधिशासी अभियन्ता (सिविल) व कार्य अधीक्षक,लो0नि0वि0/ सिंचाई विभाग/ ग्रामीण निर्माण विभाग/लघु सिंचाई विभाग/ग्रामीण निर्माण विभाग। | रू0 1 करोड़ (रू0 एक करोड़) की सीमा तक। | | |
| | | 5-.अधिशासी अभियन्ता, विद्युत एवं यांत्रिक, लोक निर्माण, लघु सिंचाई, ग्रामीण निर्माण विभाग। | रू0 20.00 लाख (रू0 बीस लाख) की सीमा तक। | | |

## विवरण पत्र-4

### ठेके और टेण्डर

| क्र. सं. | अधिकार का प्रकार | किसके द्वारा प्रयोग किया जाएगा | वर्तमान परिसीमायें | संशोधित परिसीमायें | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2. | किसी स्वीकृत निर्माण कार्य अथवा उसके किसी एक भाग के निष्पादन के लिये टेण्डर स्वीकृत करना। | 1. मुख्य अभियन्ता, लो0नि0 विभाग/ सिंचाई विभाग/ ग्रामीण निर्माण विभाग /लघु सिंचाई | पूर्ण अधिकार | पूर्ण अधिकार | यथा संशोधित वित्तीय नियमों एवं अधिप्राप्ति नियमों में उल्लिखित प्रावधानों के अनुसार तथा आय-व्ययक में |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2(क) अधीक्षण अभियन्ता लो0नि0 विभाग/सिंचाई विभाग/ग्रामीण निर्माण विभाग/लघु सिंचाई। | पूर्ण अधिकार परन्तु रू0 2.00 करोड़ (रू0 दो करोड़) से अधिक के कार्य मुख्य अभियन्ता से अनुमोदन आवश्यक होगा। | पूर्ण अधिकार परन्तु रू0 5.00 करोड़ (रू0 पांच करोड़) से अधिक के कार्य मुख्य अभियन्ता से अनुमोदन आवश्यक होगा। | प्रावधानित धनराशि की सीमा तक। |
| | | 2-(ख) अधीक्षण अभियन्ता विद्युत/ यांत्रिक, सिंचाई। | - | | |
| | | 2-(ग) अधीक्षण अभियन्ता विद्युत/यांत्रिक, लो0नि0 विभाग, लघु सिंचाई, ग्रामीण निर्माण विभाग। | रू0 75.00 लाख (रू0 पचहत्तर लाख) की सीमा तक। | | |
| | | 3. अधिशासी अभियन्ता (सिविल) व कार्य अधीक्षक, लो0नि0वि0, अधिशासी अभियन्ता /प्रभागीय अधिकारी, सिंचाई विभाग/ अधिशासी अभियन्ता (सिविल) ग्रामीण निर्माण विभाग | रू0 75.00 लाख (रू0 पचहत्तर लाख) की सीमा तक। | रू0 1.50 करोड़ (रू0 एक करोड़ पचास लाख) की सीमा तक। | |
| | | 4. अधिशासी अभियन्ता (सिविल), लघु सिंचाई विभाग। । | - | | |
| | | 5. अधिशासी अभियन्ता, विद्युत/यांत्रिक, सिंचाई विभाग। | - | | |
| | | 6. अधिशासी अभियन्ता, विद्युत/यांत्रिक, लोक निर्माण, लघु सिंचाई विभाग/ग्रामीण निर्माण विभाग। | रू0 20.00 लाख (रू0 बीस लाख) की सीमा तक। | | |
| | | 7. सहायक अभियन्ता (सिविल). लो0नि0वि0/ सिंचाई विभाग/ग्रामीण निर्माण/ लघु सिंचाई। | रू0 10,00,000 (रू0 दस लाख) की सीमा तक। | रू0 10,00,000 (रू0 दस लाख) की सीमा तक। | |
| | | 8. मुख्य विद्युत निरीक्षक। | रू0 5,00,000 (रू0 पांच लाख) की सीमा तक। | | |
| | | 9. सहायक अभियन्ता, विद्युत/यांत्रिक सिंचाई विभाग । | - | | |
| | | 10. सहायक अभियन्ता, विद्युत/यांत्रिक लो0नि0वि0/ ग्रामीण निर्माण/ लघु सिंचाई। । | रू0 5,00,000 (रू0 पांच लाख) की सीमा तक। | | |
| 4 | बिना निविदा आमंत्रित किये कार्यादेश (वर्क आर्डर) पर आधारित निर्माण कार्य। | 1. अधिशासी अभियन्ता | रू0 2.50 लाख (रू0 दो लाख पचास हजार) की सीमा तक। | -यथावत्- | वित्तीय नियमों एवं उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली में उल्लिखित प्रावधानों के अनुसार तथा आय-व्ययक में प्राविधानित धनराशि की सीमा तक। |
| | | 2. सहायक अभियन्ता | - | रू0 1.00 लाख (रू0 एक लाख) की सीमा तक।अधिशासी अभियन्ता की पूर्व सहमति से। | |

शासनादेश संख्या–61/XXVII (7)36/2017 दिनांक 02 अप्रैल, 2018 के अध्याय–4 परिशिष्ट–1 में विभागाध्यक्ष की सूची कमांक–93 पर निदेशक, राष्ट्रीय कैडट कोर, उत्तराखण्ड के स्थान पर अपर महानिदेशक, राष्ट्रीय कैडट कोर, उत्तराखण्ड पढ़ा जायेगा।

(दिलीप जावलकर)
सचिव।

संख्या– / XXVII(7)/22-36/2010–11

प्रेषक,

मनीषा पंवार,
अपर मुख्य सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव/प्रभारी सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

वित्त (वे0आ0–सा0नि0) अनुभाग–7 देहरादूनः दिनांक 25 मार्च, 2022

**विषयः उत्तराखण्ड वित्तीय हस्त पुस्तिका भाग–1 (वित्तीय अधिकारों का प्रतिनिधायन) में संशोधन के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर आपका ध्यान आकृष्ट करते हुए अवगत कराना है कि शासनादेश संख्या–61/XXVII (7)36 /2017 दिनांक 02 अप्रैल, 2018 द्वारा ''वित्तीय अधिकारों का प्रतिनिधायन, 2018'' का प्रख्यापन किया गया है।

2. वित्तीय अधिकारों की निर्धारित सीमा वर्तमान के परिप्रेक्ष्य में न्यूनतम होने के कारण अधिकांश मामलों में कार्यों की वित्तीय एवं प्रशासकीय स्वीकृति सम्बन्धी प्रकरण शासन को लगातार प्राप्त हो रहे हैं। शासन स्तर से स्वीकृति निर्गत होने में विलम्ब होने के कारण सम्बन्धित कार्यों में निर्धारित लक्ष्य पूर्ण न होने तथा आकस्मिक कार्य, निर्माण सामग्री आदि के मूल्यों में हुई वृद्धि के परिणाम स्वरूप ''वित्तीय हस्त पुस्तिका भाग–1 (वित्तीय अधिकारों का प्रतिनिधायन, 2018) के विवरण पत्र–1 ''आकस्मिक एवं अन्य प्रकीर्ण व्यय, विवरण पत्र–2 ''भूमि, भवन और किराया'' विवरण पत्र–3 ''निर्माण कार्य सम्बन्धी व्यय, विवरण पत्र–4 ''ठेके और टेण्डर'' विवरण पत्र–5 ''भण्डार (स्टोर्स) तथा अन्य चल अचल सम्पत्ति सम्बन्धी विवरण पत्रों की विभिन्न मदों में प्रशासकीय विभाग/विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष की वित्तीय परिसीमाओं में वृद्धि किये जाने के सम्बन्ध में तद्नुसार श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

3. किसी प्राधिकारी को प्रतिनिहित किए गए वित्तीय अधिकार वित्त विभाग की विशिष्ट स्वीकृति के बिना उस प्राधिकारी द्वारा किसी अधीनस्थ प्राधिकारी को पुनः प्रतिनिहित नहीं किए जायेंगे।

4. उत्तराखण्ड वित्तीय हस्त पुस्तिका भाग–1 (वित्तीय अधिकारों का प्रतिनिधायन, 2018) में प्रतिनिहित अधिकार सम्बन्धी शासनादेश संख्या–61/XXVII(7)36/2017 दिनांक 02 अप्रैल, 2018 एवं समय–समय पर निर्गत शासनादेशों को उक्त सीमा तक संशोधित समझा जाय एवं शासनादेश की शेष शर्तें/प्रतिबन्ध यथावत् लागू रहेंगी।

भवदीय,
/
**(मनीषा पंवार)**
अपर मुख्य सचिव।

**संख्या–57 (1)/XXVII(7)/22–36/2010–11, तद्दिनांक।**

**प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. महालेखाकार, उत्तराखण्ड, महालेखाकार भवन, कौलागढ़, देहरादून।
2. सचिव, श्री राज्यपाल, उत्तराखण्ड।
3. अध्यक्ष, राजस्व परिषद, उत्तराखण्ड।
4. महानिबन्धक, मा0 उच्च न्यायालय उत्तराखण्ड।
5. मुख्य स्थानिक आयुक्त, उत्तराखण्ड, नई दिल्ली।
6. सचिव, विधान सभा, उत्तराखण्ड, देहरादून।
7. मण्डलायुक्त, गढ़वाल/कुमाऊँ।

8. समस्त जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड।
9. समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष, उत्तराखण्ड।
10. निदेशक, कोषागार पेंशन एवं हकदारी, 23 लक्ष्मी रोड़, डालनवाला, देहरादून।
11. निदेशक, लेखा परीक्षा (आडिट), उत्तराखण्ड।
12. निदेशक, विभागीय लेखा, उत्तराखण्ड।
13. समस्त मुख्य/वरिष्ठ काषाधिकारी/कोषाधिकारी, उत्तराखण्ड।
14. समस्त वित्त नियंत्रक/वित्त अधिकारी, उत्तराखण्ड।
15. संयुक्त निदेशक, राजकीय मुद्रणालय, रूड़की को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त वित्तीय अधिकारों का प्रतिनिधायन की 100 प्रतियां पुस्तिका के रूप में तैयार कर यथाशीघ्र वित्त अनुभाग-7, उत्तराखण्ड शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
16. निदेशक, आई.टी.डी.ए. कों इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त वित्तीय अधिकारों का प्रतिनिधायन को राज्य की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
17. निदेशक, एन0आई0सी0, उत्तराखण्ड, देहरादून।
18. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(गंगा प्रसाद)
अपर सचिव।

## भाग–2
## अधीनस्थ प्राधिकारियों को प्रतिनिहित वित्तीय अधिकार
### विवरण पत्र–1
### आकस्मिक और अन्य प्रकीर्ण व्यय

| क्र. सं. | अधिकार का प्रकार | किसके द्वारा प्रयोग किया जाएगा | वर्तमान परिसीमायें | संशोधित परिसीमाएं | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | (iii) टेलीफोन /मोबाईल/डेटा कार्ड /लीज लाईन /इंटरनेट/वी–सेट/ फैक्स का संयोजन । | 1. प्रशासकीय विभाग | पूर्ण अधिकार | पूर्ण अधिकार | सुसंगत नियमों / शासनादेशों में निर्धारित अनुमन्यता के अधीन बजटीय सीमा के अंतर्गत। |
| | | 2. विभागाध्यक्ष | — | पूर्ण अधिकार | |
| | | 3. कार्यालयाध्क्ष | — | रू0 1.00 लाख (रू0 एक लाख) प्रतिवर्ष की सीमा तक। | |
| | (v) कम्प्यूटर उपकरण एवं उपस्कर फाटोकॉपियर वॉटर कूलर/ प्यूरीफायर / ए0सी0 आदि कार्यालय में स्थापित उपकरणों का वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध किया जाना। | 1. प्रशासकीय विभाग | पूर्ण अधिकार | पूर्ण अधिकार | अधिप्राप्ति के नियमों का पालन करते हुए बजटीय सीमा के अंतर्गत। प्रतिबंध यह कि वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध मूल निर्माता (OEM) अथवा उसके अधिकृत प्रतिनिधि से किया जायेगा। अधिकृत प्रतिनिधि उपलब्ध न होने की स्थिति में ही अन्य सक्षम फर्म से करवाया जा सकेगा। जिसकी दर कय मूल्य (करों को छोड़कर) की 10% से अनधिक होगी। |
| | | 2. विभागाध्यक्ष | पूर्ण अधिकार | पूर्ण अधिकार | |
| | | 3. कार्यालयाध्यक्ष | एक समय में रू0 15.00 हजार (रू0 पन्द्रह हजार) की सीमा के अंतर्गत तथा एक वर्ष में रू0 1.00 लाख (रू0 एक लाख) तक की सीमा तक। | एक समय में रू0 15.00 हजार (रू0 पन्द्रह हजार) की सीमा के अंतर्गत तथा एक वर्ष में रू0 1.00 लाख (रू0 एक लाख) तक की सीमा तक। | |
| | (vii) औषधियों का कय | 1. महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण<br>2. निदेशक, चिकित्सा शिक्षा | औषधि कय हेतु एक बार में रू0 3.00 करोड़ (रू0 तीन करोड़) की सीमा तक। | औषधि कय हेतु एक बार में रू0 5.00 करोड़ (रू0 पांच करोड़) की सीमा तक। | शासनादेशों में निहित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन तथा उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली के प्राविधानों के अनुसार, बजट की सीमा के अंतर्गत। |
| | | 3. प्राचार्य, राजकीय मेडिकल कॉलेज | — | औषधि कय हेतु एक बार में रू0 3.00 करोड़ (रू0 तीन करोड़) की सीमा तक। | |
| | | 4. मुख्य चिकित्साधिकारी/राज कीय चिकित्सालयों के प्रमुख/मुख्य चिकित्सा अधीक्षक | — | औषधि कय हेतु एक बार में रू0 5.00 लाख (रू0 पांच लाख) की सीमा तक। | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | (x) नीलामकर्ताओं को जहां उनकी सेवाएं लेना अनिवार्य समझा जाए, कमीशन का भुगतान स्वीकृत करना | 1. प्रशासकीय विभाग | पूर्ण अधिकार | पूर्ण अधिकार | – |
| | | 2. विभागाध्यक्ष | – | पूर्ण अधिकार | – |
| 2. | (i) किसी शासकीय आयोजन/ सेमीनार /मेलों और प्रदर्शनी के सम्बन्ध में स्थानों और टैन्ट, नावों, मोटर बोट, साइकिलों आदि को किराये पर लेने तथा अन्य प्रकीर्ण व्यय करने की स्वीकृति देना। | 1. गृह विभाग | – | पूर्ण अधिकार | – |
| | | 2. विभागाध्यक्ष | – | एक वर्ष में रू0 25.00 लाख (रू0 पच्चीस लाख) की सीमा तक बजट की उपलब्धता के अंतर्गत। | प्रत्येक आयोजन में रू0 2.50 लाख (रू0 दो लाख पचास हजार) की सीमा तक इस शर्त के अधीन कि उक्त के सम्बन्ध में कोई विशिष्ट स्वीकृतियॉ अपेक्षित न हों। |
| | | 3. पुलिस महानिरीक्षक | एक वर्ष में रू0 5.00 लाख (रू0 पांच लाख) की सीमा तक बजट की उपलब्धता के अंतर्गत। | एक वर्ष में रू0 10.00 लाख (रू0 दस लाख) की सीमा तक बजट की उपलब्धता के अंतर्गत। | प्रत्येक आयोजन में रू0 1.50 लाख (रू0 एक लाख पचास हजार) की सीमा तक इस शर्त के अधीन कि उक्त के सम्बन्ध में कोई विशिष्ट स्वीकृतियॉ अपेक्षित न हों। |
| | | 4. उप पुलिस महानिरीक्षक | एक वर्ष में रू0 1.00 लाख (रू0 एक लाख) की सीमा तक बजट की उपलब्धता के अंतर्गत। | एक वर्ष में रू0 5.00 लाख (रू0 पांच लाख) की सीमा तक बजट की उपलब्धता के अंतर्गत। | प्रत्येक आयोजन में रू0 1.00 लाख (रू0 एक लाख) की सीमा तक इस शर्त के अधीन कि उक्त के सम्बन्ध में कोई विशिष्ट स्वीकृतियॉ अपेक्षित न हों। |
| | | 5. पुलिस अधीक्षक | एक वर्ष में रू0 50.00 हजार (रू0 पचास हजार) की सीमा तक बजट की उपलब्धता के अंतर्गत। | एक वर्ष में रू0 2.00 लाख (रू0 दो लाख) की सीमा तक बजट की उपलब्धता के अंतर्गत। | प्रत्येक आयोजन में रू0 50.00 हजार (रू0 पचास हजार) की सीमा तक इस शर्त के अधीन कि उक्त के सम्बन्ध में कोई विशिष्ट स्वीकृतियॉ अपेक्षित न हों। |
| 3. | किसी शासकीय आयोजन/ सेमीनार /मेलों व प्रदर्शनियों के लिए व्यय स्वीकृत करना जिसमें परिवहन व्यय, अस्थाई कर्मचारियों का यात्रा भत्ता, आकस्मिक व्यय इत्यादि सम्मिलित है। | 1. प्रशासकीय विभाग | पूर्ण अधिकार | पूर्ण अधिकार | सुसंगत वित्तीय नियमों/प्राविधानों के अनुसार, बजट की सीमा के अंतर्गत। |
| | | 2. विभागाध्यक्ष | रू0 5.00 लाख (रू0 पांच लाख) तक | पूर्ण अधिकार | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 4. | 1. पुलिस हिरासत में बन्द अभियुक्तों के ईलाज के लिये गैर–सरकारी चिकित्सकों को शुल्क का भुगतान स्वीकृत करना। | पुलिस अधीक्षक | प्रत्येक मामले में, जहाँ ऐसा व्यय रू0 1.00 हजार (रू0 एक हजार) से अधिक न हो। | पूर्ण अधिकार | भुगतान की स्वीकृति केवल तभी दी जानी चाहिए जब मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा इस आशय का प्रमाण पत्र दिया जाये कि एक्स–रे/एम0आर0आई0/सी0टी0 स्कैन अथवा अन्य टेस्ट अथवा मांगा गया शुल्क उचित है। |
| 6. | विशेष आकस्मिक व्यय की श्रेणी के अंतर्गत आने वाले व्यय, जब वे साम्प्रदायिक दंगों, हड़ताल और इसी प्रकार के अन्य उपद्रवों के सम्बन्ध में किये गये हो, स्वीकृत करना। | 1. पुलिस महानिदेशक | – | पूर्ण अधिकार | सुसंगत वित्तीय नियमों/प्राविधानों के अनुसार, बजट की सीमा के अंतर्गत। |
| | | 2. पुलिस उप महानिरीक्षक | एक वर्ष में रू0 50.00 हजार (रू0 पचास हजार) की सीमा के अंतर्गत किन्तु किसी एक अवसर अर्थात किसी एक दंगा या हड़ताल इत्यादि पर रू0 10.00 हजार (रू0 दस हजार) की सीमा तक बजट उपलब्धता के अंतर्गत। | एक वर्ष में रू0 1.00 लाख (रू0 एक लाख) की सीमा के अंतर्गत किन्तु किसी एक अवसर अर्थात किसी एक दंगा या हड़ताल इत्यादि पर रू0 50.00 हजार (रू0 पचास हजार) की सीमा तक। | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 12 | प्रदेश में आतंकी/ साम्प्रदायिक दंगों/प्राकृतिक / दैवीय आपदा से पीड़ित ऐसे व्यक्तियों, जिनके जान–माल को गम्भीर हानि पहुंची है, पुनर्वासित करने हेतु सहायतार्थ दी जाने वाली राहत की धनराशि, निम्न रूप में स्वीकृत करना–<br>(1) प्रत्येक मृतक (चाहे वह परिवार का जीविकोपार्जन सदस्य रहा हो अथवा नहीं) के परिवार को।<br>(2) स्थायी रूप से अपंग हो जाने की स्थिति में प्रत्येक व्यक्ति को (चाहे वह परिवार का जीविकोपार्जन सदस्य रहा हो अथवा नहीं)।<br>(3) अस्थायी रूप से अपंग हो गये प्रत्येक व्यक्ति को।<br>(4) सांघातिक चोट के परिणाम स्वरूप घायल व्यक्ति को जो ऊपर (3) में अपंग की परिभाषा में न आता हो।<br>(5) चल सम्पत्ति की हानि की स्थिति में।<br>(6) अचल सम्पत्ति को हुई क्षति की स्थिति में। | 1. सचिव, गृह/ आपदा | पूर्ण अधिकार | पूर्ण अधिकार | शासन द्वारा समय–समय पर निर्धारित दरों के अनुसार, स्वीकृत बजट की सीमा के अंतर्गत। |
| | | 2. जिलाधिकारी | – | पूर्ण अधिकार | |
| 19 | शजरा और खसरा के लिए अनुमान स्वीकृत करना। | 1. अधीक्षण अभियन्ता, सिंचाई विभाग | पूर्ण अधिकार | पूर्ण अधिकार | – |
| | | 2– अधिशासी अभियन्ता, | रू0 5.00 हजार (रू0 पांच हजार) की सीमा तक | पूर्ण अधिकार | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **विज्ञापन व्यय** | | | | | |
| 24 | निजी मुद्रणालयों से पंजीयत/अपंजीयत प्रपत्रों व अन्य आवश्यक कार्यों जैसे (नक्शे, नोटिस आदि) का मुद्रण कराना। | 1.प्रशासकीय विभाग | पूर्ण अधिकार | पूर्ण अधिकार | अधिकारों का प्रयोग विकय प्रपत्रों के सम्बन्ध में नहीं किया जायगा। अन्य प्रपत्रों के सम्बन्ध में केवल अपरिहार्य परिस्थितियों एवं न्यूनतम आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु किया जायेगा। अधिप्राप्ति नियमावली का पालन व बजट सीमान्तर्गत |
| | | 2– विभागाध्यक्ष | प्रत्येक मामले में रू0 20.00 हजार (रू0 बीस हजार) रूपये तक | पूर्ण अधिकार | |
| | | 3– कार्यालयाध्यक्ष | प्रत्येक मामले में रू0 10.00 हजार (रू0 दस हजार) रूपये तक | प्रत्येक मामले में रू0 50.00 हजार (रू0 पचास हजार) रूपये तक | |
| 25 | सामान्य निर्वाचन (जनरल इलेक्शन्स), द्विवर्षीय निर्वाचन और उप निर्वाचन, मतदाता सूचियों में वार्षिक संशोधन से सम्बन्धित प्रपत्र तथा अन्य निर्वाचन सामग्री स्थानीय रूप से मुद्रण स्वीकृत कराना। | मुख्य निर्वाचन अधिकारी | पूर्ण अधिकार | पूर्ण अधिकार | उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली में उल्लिखित प्राविधानों के अनुसार, बजट की सीमा के अंतर्गत। |
| **अन्य व्यय** | | | | | |
| 27 | किसी विशिष्ट कार्य के लिए वाह्य व्यावसायिक विशेषज्ञ, परामर्श देने वाली फर्मो आदि की सेवायें की स्वीकृति प्रदान करना। | 1. प्रशासकीय विभाग | पूर्ण अधिकार | पूर्ण अधिकार | उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली में उल्लिखित प्राविधानों के अनुसार, बजटीय सीमान्तर्गत। |
| | | 2. विभागाध्यक्ष | प्रत्येक मामले में रू0 10.00 लाख (रू0 दस लाख) तक | प्रत्येक मामले में रू0 25.00 लाख (रू0 पच्चीस लाख) तक | |
| | | 3. कार्यालयाध्यक्ष | प्रत्येक मामले में रू0 5.00 लाख (रू0 पांच लाख) तक | प्रत्येक मामले में रू0 5.00 लाख (रू0 पांच लाख) तक | |
| 28 | वेब सर्विसेस, मोबाईल एप, वेबसाईट/पोर्टल डेवलपमेंट, एवं इनका वार्षिक अनुरक्षण/सॉफ्टवेयर का लाईसेंस शुल्क। | 1. प्रशासकीय विभाग | पूर्ण अधिकार | पूर्ण अधिकार | उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली में उल्लिखित प्राविधानों के अनुसार, बजट की सीमा के अंतर्गत। |
| | | 2– विभागाध्यक्ष | प्रत्येक मामले में रू0 10.00 लाख (रू0 दस लाख) रूपये तक | प्रत्येक मामले में रू0 25.00 लाख (रू0 पच्चीस लाख) रूपये तक | |
| | | 3. कार्यालयाध्यक्ष | प्रत्येक मामले में रू0 5.00 लाख (रू0 पांच लाख) तक | प्रत्येक मामले में रू0 5.00 लाख (रू0 पांच लाख) तक | |

## विवरण पत्र–2
### भूमि, भवन और किराया

| क्र. सं. | अधिकार का प्रकार | किसके द्वारा प्रयोग किया जाएगा | वर्तमान परिसीमायें | संशोधित परिसीमाएं | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | राज्य की निधियों से निर्मित उनके नियंत्रण के अधीन (आवसिक भवनों और डाक बंगलों को छोडकर) भवनों का विकय अथवा विध्वंस स्वीकृत करना। | 1. प्रशासकीय विभाग | पूर्ण अधिकार | पूर्ण अधिकार | भवनों का बाजार मूल्य पर विकय (भूमि को सम्मिलित करते हुए) किया जायेगा। भूमि का मूल्य जिलाधिकारी तथा भवन का मूल्य लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्धारित किया जायेगा। |
| | | 2. विभागाध्यक्ष | रू0 10.00 लाख (रू0 दस लाख) खाते मूल्य तक | रू0 50.00 लाख (रू0 पचास लाख) खाते मूल्य तक | |
| 3 | पट्टे पर ली जाने वाली भूमि का किराया स्वीकृत करना। | 1. प्रशासकीय विभाग | पूर्ण अधिकार | पूर्ण अधिकार | वित्तीय नियम संग्रह खण्ड–5 भाग–1 के परिशिष्ट 10 मे दी गई शर्तों के अधीन रहते हुए पूर्ण पारदर्शिता से। (शासनादेश संख्या– ए–2 –930/दस– 84–14(30)/7, दिनांक 28 फरवरी, 1984) |
| | | 2. विभागाध्यक्ष | – | पूर्ण अधिकार | |
| 5 | भवनों के निर्माण के लिये चुने गये स्थानों पर स्थित हरे या सुखे वृक्षों को सार्वजनिक नीलामी द्वारा काटने की स्वीकृति प्रदान करना। | 1. अधीक्षण अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग। | पूर्ण अधिकार इस प्रतिबन्ध के साथ कि वन तथा उद्यान विभागों से आवश्यक अनापत्ति प्राप्त कर ली गई हो। | पूर्ण अधिकार इस प्रतिबन्ध के साथ कि वन तथा उद्यान विभागों से आवश्यक अनापत्ति प्राप्त कर ली गई हो। | वन संरक्षण अधिनियम तथा अन्य सुसंगत अधिनियमों/नियमों के प्रावधानों को ध्यान में रखा जाय। |
| | | 2. अधिशासी अभियन्ता (सिविल), लोक निर्माण विभाग, अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई विभाग, लघु सिंचाई विभाग, ग्रामीण निर्माण विभाग | रू0 25.00 हजार (रू0 पच्चीस हजार) तक इस प्रतिबंध के साथ कि वन तथा उद्यान विभागों से आवश्यक अनापत्ति प्राप्त कर ली गई हो। | पूर्ण अधिकार। | |
| 6. | गोदामों का किराया | 1. प्रशासकीय विभाग | पूर्ण अधिकार | पूर्ण अधिकार | वित्तीय नियम संग्रह, खण्ड–5 भाग–1 के परिशिष्ट 10 के नियम 24 में दी हुई शर्तों के अधीन। पूर्व में निर्धारित प्रकिया एवं शर्तों के अनुसार। किराये की दर का अनुमोदन जिलाधिकारी का होगा। |
| | | 2. विभागाध्यक्ष | प्रत्येक मामले में रू0 20.00 हजार (रू0 बीस हजार) प्रतिमाह तक | पूर्ण अधिकार | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. कार्यालयाध्यक्ष | प्रत्येक मामले में रू0 5.00 हजार (रू0 पांच हजार) प्रतिमाह तक | प्रत्येक मामले में रू0 50.00 हजार (रू0 पचास हजार) प्रतिमाह तक | |

## विवरण पत्र–3
### निर्माण कार्य सम्बन्धी व्यय

| क्र. सं. | अधिकार का प्रकार | किसके द्वारा प्रयोग किया जाएगा | वर्तमान परिसीमायें | संशोधित परिसीमाएं | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | क– मूल निर्माण कार्यों के लिए परियोजना की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करना। | 1. प्रशासकीय विभाग | पूर्ण अधिकार | पूर्ण अधिकार | बजट मैनुअल, वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड–VI तथा विभिन्न शासनादेशों के अनुरूप प्रचलित व्यवस्था के अधीन। उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली में उल्लिखित प्राविधानों के अनुसार, बजट की सीमा के अंतर्गत। |
| | | 2. विभागाध्यक्ष | धार्मिक तथा पुरातत्व संबंधी भवनों तथा विद्यमान आवासीय भवनों में सुधार तथा विशेष मरम्मतों के अनुमानों को अपवाद स्वरूप छोडकर किसी एक मामले में रू0 10.00 लाख (रू0 दस लाख) तक निम्नलिखित शर्तों के अधीनः–<br>(1) यह कि आवासिक भवन शासन द्वारा स्वीकृत मानक डिजाइन के अनुसार निर्मित किये जायेंगे और यह कि निर्माण की लागत उनसे सम्बन्धित अनुज्ञेय वित्तीय सीमाओं या समय– समय पर शासन द्वारा नियत की गई क्षेत्र सीमाओं से अधिक नहीं होगी और शर्त यह भी है कि निर्माण कार्य तब तक प्रारम्भ नहीं किया जाएगा जब तक कि शासन द्वारा उनके व्यय की स्वीकृति प्रदान न कर दी जाय।<br>(2) आवासिक भवनों में बिजली लगाने का व्यय फन्डामेन्टल रूल्स /तत्सम्बन्धी | धार्मिक तथा पुरातत्व संबंधी भवनों तथा विद्यमान आवासीय भवनों में सुधार तथा विशेष मरम्मतों के अनुमानों को अपवाद स्वरूप छोडकर किसी एक मामले में रू0 40.00 लाख (रू0 चालीस लाख) तक निर्धारित निम्नलिखित शर्तों के अधीनः–<br>(1) यह कि आवासीय भवन शासन द्वारा समय–समय पर नियत की गई क्षेत्र सीमाओं से अधिक नहीं होगी और निर्माण कार्य तब तक प्रारम्भ नहीं किया जाएगा जब तक कि शासन द्वारा उनके व्यय की स्वीकृति प्रदान न कर दी जाय।<br>(2) आवासीय भवनों में बिजली लगाने का व्यय तथा फिटिंग्स की मात्रा फन्डामेन्टल /सब्सिडियरी रूल्स तथा तत्सम्बन्धी विषयक शासनादेशों में दी हुई सीमा के अनुसार होनी चाहिए।<br>(3) आवासिक तथा गैर आवासिक भवनों की संख्या उससे अधिक नहीं होनी चाहिए जो अनुमोदित मापदण्ड के अनुसार विभिन्न | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | विषयक शासनादेशों में दी हुई सीमा और उनमें फिटिंग्स की मात्रा सब्सीडियरी रूल्स के अनुसार होनी चाहिए।<br>(3) अनुमान में स्थायी आवासिक तथा गैर आवासिक भवनों की संख्या उससे अधिक नहीं होनी चाहिए जो योजना के अनुरक्षण के लिए, जब वह पूरी हो जाय, अनुमोदित मापदण्ड के अनुसार विभिन्न वर्गो के कर्मचारी वर्ग की संख्या के लिए अनुमन्य हो।<br>(4) ऐसे आवासिक भवन (स्थायी अथवा अस्थायी दोनों प्रकार के) जिला मुख्यालयों पर नहीं बनाये जायेंगे जो लोक निर्माण विभाग की एक स्थलीय (पूल्ड) आवास योजना के अन्तर्गत न आते हों।<br>(5) डाक बंगले/ रेस्ट हाउस का निर्माण करते समय न्यू डाक बंगलों से निकटता के सिद्वान्त को दृढ़ता से पालन किया जायेगा और उनके निर्माण कार्य के लिए शासन की पूर्व स्वीकृति प्राप्त करनी होगी।<br>(6) गाड़ियों के लिए (हल्की तथा भारी दोनों प्रकार की) व्यवस्था शासन द्वारा अनुमोदित संख्या (स्केल) के अनुसार की | वर्गो के कर्मचारी वर्ग की संख्या के लिए अनुमन्य हो।<br>(4) ऐसे आवासिक भवन (स्थायी अथवा अस्थायी दोनों प्रकार के) जिला मुख्यालयों पर नहीं बनाये जायेंगे जो लोक निर्माण विभाग की एक स्थलीय (पूल्ड) आवास योजना के अन्तर्गत न आते हों।<br>(5) डाक बंगले/ रेस्ट हाउस का निर्माण करते समय अन्य डाक बंगलों से निकटता के सिद्वान्त को दृढ़ता से पालन किया जायेगा और उनके निर्माण कार्य के लिए शासन की पूर्व स्वीकृति प्राप्त करनी होगी। | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | जायेगी और कय के लिये आदेश देने से पहले मुख्यमंत्री जी की पूर्व स्वीकृति प्राप्त कर ली जायेगी। | | |
